आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 28.09.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- उत्तराखंड स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा—2025 में नकल के आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय आयोग गठित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार से पवित्र छड़ी यात्रा का शुभारंभ किया; यात्रा उत्तराखंड के चारों धामों की ओर जाएगी।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देहरादून, टिहरी और उत्तरकाशी जिलों के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण पूरा किया।

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

<u>आयोग गठन</u>

उत्तराखंड स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा—2025 में नकल के आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय आयोग गठित किया है।

21 सितम्बर को आयोजित परीक्षा के दौरान नकल की शिकायतें सामने आई थीं। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 के तहत न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं।

इससे पहले न्यायमूर्ति बी.एस. वर्मा को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव था, लेकिन उन्होंने निजी कारणों से असमर्थता जताई। इसके बाद न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया।

गठित आयोग को अन्य अधिकारियों और विशेषज्ञों का सहयोग लेने की स्वतंत्रता होगी। यह पूरे राज्य में शिकायतों और तथ्यों की जांच करेगा और विशेष जांच दल—एसआईटी की रिपोर्ट का भी संज्ञान लेगा।

धान की सीधी बुवाई

केंद्र सरकार कृषि कार्यों से होने वाले कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में उधमसिंहनगर जिले के कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को धान की सीधी बुवाई विधि अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विभाग के प्रयास से इस बार लगभग 6 हजार हेक्टेयर भूमि पर किसानों ने सीधी बुवाई से धान की बिजाई की है।

मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना ने बताया कि जिले में कुल एक लाख आठ हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती होती है, जिसमें इस वर्ष विभाग के मार्गदर्शन में 6 हजार हेक्टेयर भूमि पर सीधी बुवाई की गई। उन्होंने कहा कि पारंपरिक रोपाई और नर्सरी में समय और लागत अधिक लगती है, जबकि सीधी बुवाई विधि से समय, मजदूरी और लागत दोनों की बचत होती है।

किशनपुर, किच्छा के प्रगतिशील किसान संतोक सिंह ने बताया कि उन्होंने लगभग 34 एकड़ भूमि पर धान की सीधी बुवाई की। उन्होंने कहा कि इस विधि से जमीन की जुताई कम होती है, पानी की बचत होती है, मजदूरी की लागत घटती है और समय की बचत भी होती है।

निलंबन

चमोली जिले के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार में छात्रों से कार धुलवाने वाले सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) ने घनश्याम तिवाड़ी को निलंबित कर उनका मुख्यालय उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय थराली में निर्धारित किया है।

प्रकरण की जांच उप शिक्षा अधिकारी थराली को सौंपी गई है, जो एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देंगे। शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि छात्रों से निजी कार्य करवाना आचरण नियमों का उल्लंघन है और ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

छड़ी यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल हरिद्वार के माया देवी मंदिर प्रांगण से पवित्र छड़ी यात्रा का शुभारंभ किया। वैदिक विधि–विधान के साथ रवाना हुई यह यात्रा उत्तराखंड के चारों धामों की ओर जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की व्यापकता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 70 वर्ष पूर्व यह यात्रा बंद हो गई थी, जिसे 2019 में फिर से शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा प्रदेश की विविधता और एकता का प्रतीक है।

सर्वेक्षण

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई पोस्ट डिजास्टर नीड्स असेसमेंट प्रक्रिया के तहत गठित पहले सर्वेक्षण दल ने देहरादून, टिहरी और उत्तरकाशी जिलों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। दल ने कल देहरादून लौटकर आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में क्षति का प्रारंभिक आकलन प्रस्तुत किया। इस दौरान संबंधित जिलों के जिलाधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।
सर्वेक्षण में सार्वजनिक परिसंपत्तियों, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसे क्षेत्रों में हुई क्षति का आकलन किया गया। सचिव सुमन ने कहा कि राज्य को इस वर्ष भारी वर्षा से व्यापक नुकसान हुआ है और आपदा के बाद आवश्यकताओं के आकलन का उद्देश्य इसी क्षति का वास्तविक अनुमान लगाना है।
उन्होंने बताया कि सभी जिलों में सर्वेक्षण पूरा होने के बाद समग्र रिपोर्ट भारत सरकार को भेजी जाएगी, ताकि विशेष राहत पैकेज के लिए प्रस्ताव तैयार हो सके। आज यह दल हरिद्वार जिले में सर्वेक्षण करेगी।

जीएसटी बचत उत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरकी पैड़ी बाजार में आयोजित जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने व्यापारियों और आम लोगों से संवाद करते हुए कहा कि जीएसटी की दरों में कमी से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है और इससे अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन होगा।
कार्यक्रम में व्यापारियों ने जीएसटी दरों में कमी करने पर सरकार का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से आग्रह किया कि घटे हुए करों का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया जाए।
उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, आयात पर निर्भरता घटेगी और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

समीक्षा

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने देहरादून स्थित राजस्व परिषद सभागार में जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्व वादों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि धारा 34 और 143 से संबंधित एक वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों का निस्तारण अगले तीन माह में कर लिया जाए।
मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि इन वादों में गंभीर अनियमितताओं पर तत्काल विभागीय कार्रवाई की जाए। विकासनगर तहसीलदार को वादों के निस्तारण में धीमी प्रगति पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।
उन्होंने सभी तहसील मुख्यालयों व एसडीएम कार्यालयों में ई–ऑफिस लागू करने के निर्देश दिए।
बैठक में मुख्य सचिव ने राजस्व वसूली समितियों की नियमित बैठकें आयोजित करने, मंडलायुक्तों को अपनी मासिक बैठकों में राजस्व मामलों की समीक्षा करने और रेवेन्यू रियलाइजेशन, वन, वाणिज्य, रजिस्ट्रेशन व आरसीएस से संबंधित बैठकों को भी नियमित करने के निर्देश दिए।

स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रशिक्षण

हरिद्वार जिले के भगवानपुर विकासखंड के सरठेढ़ी शाहजहांपुर स्थित मंगलमय सी०एल०एफ में दो दिवसीय क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति की ग्रामोत्थान योजना के तहत मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशन में किया गया।

इस प्रशिक्षण में 26 महिला किसानों ने भाग लिया। ब्लॉक भगवानपुर के मास्टर ट्रेनर सौरभ गिरी ने महिला किसानों को जलवायु अनुकूल और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान बीज चयन, कीट–रोग प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, शून्य जुताई, सिंचाई प्रबंधन और समेकित कृषि प्रणाली जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इसके अलावा पशुपालन, कुक्कुट पालन और बकरी पालन जैसी आय के वैकल्पिक साधनों की तकनीकें भी सिखाई गईं।